सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	चैत्र 11, गुरूवार, *शाके* 1943–अप्रेल 01, 2021 *Chaitra 11, Thursday, Saka 1943- April 01, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

उपनिवेशन विभाग

अधिसूचना

जयपुर, मार्च 31, 2021

संख्या प. 3(23)उप/2020 :-राजस्थान उपनिवेशन (सामान्य उपनिवेश) शर्तें, 1955 की शर्त संख्या 15-ख द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा उपनिवेशन क्षेत्र के समस्त श्रेणी के काश्तकारों (सभी श्रेणी के आवंटियों यथा सामान्य आवंटन, विशेष आवंटन व मोहरबन्द नीलामी द्वारा आवंटन आदि) को कृषि भूमि की कीमत की शेष रही समस्त बकाया किश्तें 01 अप्रेल 2021 से 30 जून 2021 की अवधि में एकमुश्त जमा कराने पर बकाया रही कीमत पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान करती हैः

किन्तु ऐसे काश्तकार को यदि संबंधित आवंटन नियमों में अग्रिम किश्तें जमा कराने में कोई छूट देय है तो वह उपरोक्त अवधि में देय नहीं होगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,
कैलाश नारायण मीना,
संयुक्त शासन सचिव।

7471

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।